


# प्रश्न संग्रह
# कक्षा- 6
# विज्ञान

डॉ0 श्रद्धा अवस्थी
पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनगाँव
हसवां, फ़तेहपुर

सहयोग :- बबलू सोनी,
प्राथमिक विद्यालय कसरांव, फतेहपुर

प्रश्न-1 पदार्थ की कितनी अवस्थाएं होती है?

उत्तर - तीन 1. ठोस 2. द्रव 3. गैस

प्रश्न-2 पदार्थ क्या है?

उत्तर- पदार्थ वह है जिसमें द्रव्यमान होता है और वे स्थान घेरते है।

प्रश्न-3 वह पदार्थ बताओ जो तीनों अवस्थाओं में रह सकता है?

उत्तर- पानी

प्रश्न-4 घुलनशील पदार्थ किसे कहते हैं?

उत्तर- वे पदार्थ जो पानी में घुल जाते है उन्हें घुलनशील पदार्थ कहते हैं। जैसे-नमक, चीनी।

प्रश्न-5 अघुलनशील पदार्थ किसे कहते हैं?

उत्तर- वे पदार्थ जो पानी में नहीं घुलते हैं जैसे- रेत, चाक, मिट्टी का तेल।

प्रश्न-6 चुम्बकीय पदार्थ किसे कहतें हैं?

उत्तर- वे पदार्थ जो चुम्बक में चिपक जाते हैं चुम्बकीय पदार्थ कहलाते हैं। जैसे- लोहे की कील, आलपिन।

प्रश्न-7 अचुम्बकीय पदार्थ किसे कहते हैं?

उत्तर- वे पदार्थ जो चुम्बक अपनी ओर आकर्षित नहीं करता है उन्हे अचुम्बकीय पदार्थ कहते हैं जैसे- लकड़ी, कागज।

प्रश्न-8 तत्व क्या है?

उत्तर- तत्व पदार्थ का वह मूल रूप है जिसे अन्य सरल पदार्थो में विभाजित नही किया जा सकता है। जैसे- तांबा, सल्फर ।

प्रश्न-9 यौगिक किसे कहते हैं?

उत्तर- दो या दो से अधिक तत्व निश्चित अनुपात में मिलकर यौगिक बनातें हैं। जैसे- $H_2O$, $CO_2$

प्रश्न-10 मिश्रण किसे कहते हैं?

उत्तर- दो या दो से अधिक तत्व या यौगिक अनिश्चित अनुपात में मिलकर मिश्रण का निर्माण करते हैं। जैसे- शर्बत, चाट।

प्रश्न-11 अणु किसे कहते हैं?

उत्तर- पदार्थ का वह सुक्ष्मतम कण जो स्वतन्त्र रह सकता है वह अणु कहलाता है।

प्रश्न -12 परमाणु किसे कहते हैं?

उत्तर- पदार्थ का वह सूक्ष्मतम कण जो स्वतन्त्र नही रह सकता, परमाणु कहलाता है।

प्रश्न-13 पृथक्करण किसे कहते हैं?

मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर- मिश्रण से प्रत्येक पदार्थ को अलग करना पृथक्करण कहलाता है।

प्रश्न-14 मिश्रण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर- दो प्रकार के - 1. समांगी 2. विषमांगी

प्रश्न-15 ऊर्ध्वपातन किसे कहते हैं।

उत्तर- जब ठोस पदार्थ गर्म किए बिना सीधे वाश्प में बदल जाता है तो इसे ऊर्ध्वपातन कहते हैं। जैसे- नैफ्थलीन।

प्रश्न-17 वाष्पन क्या है?

उत्तर- किसी द्रव को गर्म करके वाष्प में बदलने की क्रिया को वाष्पन कहते हैं।

प्रश्न-18 संघनन किसे कहते हैं?

उत्तर- वाष्प को ठंडा करके द्रव में बदलने की क्रिया को संघनन कहते हैं।

प्रश्न-19 आसवन किसे कहते हैं?

उत्तर- किसी विलयन से वाष्पीकरण और संघनन विधि द्वारा शुद्ध द्रव को प्राप्त करने की क्रिया को आसवन कहते हैं।

प्रश्न-20 वर्ग के क्षेत्रफल का सूत्र लिखो।

उत्तर- वर्ग का क्षेत्रफल - (भुजा की ल0)2

प्रश्न-21 आयत के क्षेत्रफल का सूत्र बताओ।

उत्तर- आयत का क्षेत्रफल- ल0 x चौ0

प्रश्न-22 क्षेत्रफल का मात्रक बताओ।

उत्तर- क्षेत्रफल का मात्रक वर्गमीटर (m2)

प्रश्न -23 घन का आयतन का सूत्र बताओ।

उत्तर-घन का आयतन = (भुजा की लम्बाई)3

प्रश्न-24 घनाभ का आयतन का सूत्र बताओ।

उत्तर- घनाभ का आयतन = ल0 x चौ0 x ऊ0

प्रश्न-25 आयतन का मात्रक क्या होता है?

उत्तर- आयतन का मात्रक घनमीटर (m3) होता है।

प्रश्न-26 द्रव्यमान किसे कहते हैं?

उत्तर- किसी वस्तु में पदार्थ की जितनी मात्रा होती है, वह उस वस्तु का द्रव्यमान कहलाता है। द्रव्यमान का मात्रक किलोग्राम (Kg) होता है।

प्रश्न- 27 गति किसे कहते हैं?

उत्तर- जब वस्तु या उसके किसी भाग की स्थिति मे परिवर्तन हो तो उसे गति कहते हैं।

प्रश्न -28 गति कितने प्रकार की होती है?

उत्तर- गति चार प्रकार की होती है।

1. सरल रेखीय गति　　2. वृत्तीय गति

3. घूर्णन गति　　4. दोलन गति

प्रश्न- 29 चाल किसे कहते हैं?

उत्तर- किसी वस्तु द्वारा एकांक समय में चली गई दूरी चाल कहलाती है।

चाल = दूरी/समय

प्रश्न-30 चाल का मात्रक क्या होता है?

उत्तर- चाल का मात्रक मीटर/सेकण्ड होता है।

प्रश्न-31 सरल मशीन किसे कहते हैं?

उत्तर- ऐसे साधन जो कार्य को सरलता सुविधा और तेजी से करने में सहायता करते है, सरल मषीन कहलाते हैं।

प्रश्न-32 सरल मषीनें कितने प्रकार की होती हैं।

उत्तर- पॉच प्रकार की-

1. उत्तोलक　2. पेंच　3. झुका तल　4. घिरनी　5. पहिया और धुरी

प्रश्न-33 सूक्ष्म जीव किन्हें कहते हैं?

उत्तर- वे जीव जो नग्न आँखों से नहीं देखे जा सकते, सूक्ष्म जीव कहलाते हैं।

प्रश्न-34 सूक्ष्म जीव कितने समूहों में रहते हैं?

उत्तर- पाँच समूहो में

1. जीवाणु　2. विषाणु　3. शैवाल　4. प्रोटोजोआ　5. कवक

प्रश्न-35 शाकाहारी जन्तु किन्हें कहते हैं?

उत्तर- वे जन्तु जो केवल पेड़-पौधे खातें हैं उन्हें शाकाहारी जन्तु कहतें हैं। जैसे- गाय।

प्रश्न-36 मांसाहारी जन्तु किन्हें कहते हैं?

उत्तर- वे जन्तु जो केवल अन्य जन्तुओं को खाते हैं उन्हे मांसाहारी जन्तु कहतें हैं। जैसे- शेर।

प्रश्न-37 सर्वाहारी जन्तु किन्हें कहते हैं?

मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर- वे जन्तु जो पेड़-पौधे और मांस दोनों ही खाते है सर्वाहारी जन्तु कहलाते हैं। जैसे-कुत्ता।

प्रश्न -38 स्वपोषी जन्तु किन्हें कहा जाता है?

उत्तर- जो जन्तु अपना भोजन स्वयं बना लेते हैं और दूसरों पर निर्भर नहीं रहते हैं। स्वपोषी जन्तु कहलाते हैं जैसे - हरे पेड़ पौधे।

प्रश्न-39 परपोषी जन्तु किन्हें कहा जाता है?

उत्तर- परपोषी जन्तु अपने भोजन के लिए दूसरे जन्तुओ पर निर्भर रहते हैं परपोषी कहलाते हैं जैसे- पशु और मनुष्य।

प्रश्न-40 एक कोषिकीय जन्तु किन्हें कहते हैं?

उत्तर-कुछ जीव एक कोषिका के बने होते हैं। उन्हें एक कोषिकाय जन्तु कहते हैं। जैसे- अमीबा युग्लीना।

प्रश्न-41 बहु कोशिकीय जन्तु किन्हें कहते हैं?

उत्तर- वे जन्तु जो एक से अधिक कोशिकाओं के बने होते हैं बहुकोशिकीय जन्तु कहलाते हैं। जैसे- हाइड्रा, मनुष्य।

प्रश्न-42 अकशेरूकी जन्तु किन्हें कहा जाता है?

उत्तर- ऐसे जन्तु जिनमें मेरूदण्ड या रीढ़ की हड्डी नहीं होती है। अकशेरूकी जन्तु कहलाते हैं। जैसे- कीड़े, मकौड़े, केचुंआ, घोंघा।

प्रश्न-43 कशेरूकी जन्तु किन्हें कहा जाता है?

उत्तर- वे जन्तु जिनमें रीढ़ की हड्डी पाई जाती है उन्हे कशेरूकी जन्तु कहते हैं जैस- बिल्ली, मनुश्य।

प्रश्न-44 अण्डयुज किन्हें कहते हैं?

उत्तर- अण्डे देने वाले जन्तुओं को अण्डयुज कहते है जैसे- मछली, मेंढक, मुर्गी।

प्रश्न-45 जरायुज किन्हें कहते हैं?

उत्तर- बच्चे देने वाले जन्तुओं को जरायुज कहते हैं। जैसे- चूहा, कुत्ता।

प्रश्न-46 जलीय जन्तु कौन से होते हैं?

उत्तर- जल में रहने वाले जन्तुओं को जलीय जन्तु कहते हैं। जैसे- मछली।

प्रश्न-47 वायवीय जन्तु किन्हें कहते हैं?

उत्तर- वे जन्तु जो हवा में उड़ते हैं वायवीय जन्तु कहलाते हैं जैसे- पक्षी।

प्रश्न-48 स्थलीय जन्तु कौन से होते हैं?

उत्तर- जमीन के ऊपर रहने वाले जन्तु स्थलीय जन्तु कहलाते हैं। जैसे- कुत्ता।

प्रश्न-49 उभयचर जन्तु कौन से होते हैं?

मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर- जो जन्तु जल और स्थल दोनों में रहते हैं, उभयचर जन्तु कहलाते हैं। जैसे- मेंढक।

प्रश्न-50 वनस्पति विज्ञान का जनक किसे कहते हैं?

उत्तर- थियोफ्रेस्टस को वनस्पति विज्ञान का जनक कहते हैं।

प्रश्न-51 वर्गीकरण का पिता किसे कहा जाता है?

उत्तर- लिनियस को।

प्रश्न-52 जन्तु विज्ञान का जनक कौन है?

उत्तर- अरस्तू।

प्रश्न-53 अपुष्पी पौधे कौन से होते हैं?

उत्तर- वे पौधे जिनमें पुष्प नहीं लगते लेकिन जड़, तना, तथा पत्ती पाये जाते हैं। जैसे- फर्न।

प्रश्न-54 पुष्पी पौधे कौन से होते हैं?

उत्तर- वे पौधे जिनमें जड़, तना, पत्ती, फूल तथा फल लगते हैं। जैसे- आम, नीम।

प्रश्न-55 एक वर्षीय पौधे कौन से होते हैं?

उत्तर- यह पौधे एक वर्ष के अन्दर ही फलते-फूलते हैं और सूखकर समाप्त हो जाते हैं जैसे- चना मटर।

प्रश्न-56 द्विवर्षीय पौधे कौन से होते हैं?

उत्तर- ये पौघे दो साल जीते हैं। पहले साल में बढ़ते है और दूसरे साल में फूल-फल देकर नष्ट हो जाते हैं जैसे- केला।

प्रश्न-57 बहुवर्षीय पौधे कौन से होते हैं?

उत्तर- ये पौधे कई वर्षों तक जीवित रहते हैं। ये पौधे तीन तरह के होते हैं।

1. शाक, 2. झाड़ी 3. वृक्ष

प्रश्न-58 वृक्ष किसे कहते हैं?

उत्तर- बड़े पेड़ों को वृक्ष कहते हैं। जैसे- नीम, बरगद।

प्रश्न-59 झाड़ी क्या होती है?

उत्तर- झाड़ी छोटे और बहुत शाखाओं वाले पौघे होते हैं जैसे- रातरानी, गुलाब।

प्रश्न-60 शाक क्या होते हैं?

उत्तर- शाक बहुत छोटे पौधे होते है जैसे- दूब व घास। ये पौघे एक वर्षीय होते है।

प्रश्न-61 जीव की सबसे छोटी इकाई क्या होती है?

उत्तर- कोशिका।

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न-62 जड़ें कितने प्रकार की होती हैं?

उत्तर- दो प्रकार की होती हैं -

1. मूसला जड़ें 2. रेशेदार जड़ें

प्रश्न-63 वाष्पोत्सर्जन किसे कहते हैं?

उत्तर- वाशपोत्सर्जन- पत्तियों द्वारा जल बाहर निकालने को वाष्पोत्सर्जन कहते हैं।

प्रश्न-64 प्रकाश संश्लेषण किसे कहते हैं?

उत्तर- पत्तियों द्वारा जल और कार्बन डाई आक्साइड लेकर सूर्य के प्रकाश में भोजन बनाने को प्रकाश संश्लेषण कहते हैं।

प्रश्न-65 फूल से क्या बनता है?

उत्तर- फूल से फल बनता है।

प्रश्न-66 बीज कहाँ होते हैं?

उत्तर- फलों कें अन्दर बीज होते हैं।

प्रश्न-67 वायु का संगठन लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर- | नाइट्रोजन | - | 78 प्रतिशत |
| | आक्सीजन | - | 21 प्रतिशत |
| | कार्बन डाई आक्साइड | - | 0.03 प्रतिशत |
| | अन्य गैसें | - | 0.97 प्रतिशत |

प्रश्न-68 किस गैस की उपस्थिति में आग जलती है?

उत्तर- आक्सीजन

प्रश्न-69 किस गैस की उपस्थिति में आग बुझ जाती है?

उत्तर- कार्बन डाई आक्साइड ।

प्रश्न-70 प्राकृतिक जल का सबसे बड़ा स्त्रोत क्या है?

उत्तर - समुद्र।

प्रश्न-71 बर्फ का गलनांक कितना होता है?

उत्तर- 00C

प्रश्न-72 शुद्ध जल का क्वथनांक कितना होता है?

उत्तर- 1000C

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न-73 जल कितने प्रकार का होता है?

उत्तर- दो प्रकार का 1. मृदु जल 2. कठोर जल

प्रश्न-74 कौन सा जल पानी के साथ कम झाग देता है?

उत्तर- कठोर जल।

प्रश्न-75 ऊर्जा किसे कहते हैं?

उत्तर- कार्य करने की क्षमता को ऊर्जा कहते हैं?

प्रश्न-76 ऊर्जा कितने प्रकार की होती है।

उत्तर- 6 प्रकार की -

1. याँत्रिक ऊर्जा
2. रासायनिक ऊर्जा
3. ध्वनि ऊर्जा
4. प्रकाश ऊर्जा
5. ऊष्मीय ऊर्जा
6. विद्युत ऊर्जा

प्रश्न-77 जन्तुओं की ऊर्जा का स्त्रोत क्या है?

उत्तर- भोजन सभी जन्तुओं की ऊर्जा का स्त्रोत है।

प्रश्न-78. रेशा किसे कहते हैं?

उत्तर- धागा जिन पतली लड़ियों से बना होता हैं उन्हे तन्तु या रेशा कहतें है।

प्रश्न-79. रेशे कितने प्रकार के होतें है?

उत्तर- तीन प्रकार के- 1. पादप रेशे 2. जांतव रेशे 3. संश्लेषित रेशे

प्रश्न-80. पादप रेशे क्या होते हैं?

उत्तर- पौधे के किसी भाग से प्राप्त किए जाने वाले प्राकृतिक रेशे पादप रेशे कहलातें हैं, जैसे- रूई, जूट।

प्रश्न-81. जांतव रेशे किन्हे कहते हैं?

उत्तर- जन्तुओं से प्राप्त किए जाने वाले प्राकृतिक रेशे जांतव रेशे कहलाते हैं, जैसे- ऊन, रेशम के घागे।

प्रश्न-82. संश्लेषित रेशे क्या होते हैं?

उत्तर- कुछ रेशे को मनुष्य कृत्रिम ढंग से पेट्रोलियम उत्पादों के जटिल रासायनिक परिवर्तनों के पश्चात बनाता है इन्हें संश्लेषित रेशे कहतें हैं। जैसे- नायलान, पोलिएस्टर रेयान आदि।

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न-83. पादप रेशे

उत्तर-

| रेषे | पौधा | भाग |
|---|---|---|
| रूई | कपास | बीज (बिनौला) |
| जूट | पटसन/सनई | तना |
| फ्लैक्स | अलसी/तीसी | तना |
| नाटियल | जटा | नारियल फल |

प्रश्न-84. वस्त्र बनने के कौन कौन से चरण हैं?

उत्तर- तन्तु/रेशा-धागा-कपड़ा-वस्त्र।

प्रश्न-85. कपास ओटना किसे कहते हैं?

उत्तर- कपास के गोलकों से कपास के बीज (बिनौला) को पृथक करने की प्रक्रिया को कपास ओटना कहते हैं।

प्रश्न-86. कपास के बीज से क्या क्या प्राप्त होता है?

उत्तर- रूई, तेल, व बचे हुए बीज को पशुओं को चारे के रूप में दिया जाता है।

प्रश्न-87. BT कपास क्या है?

उत्तर- BT कपास, कपास की एक प्रजाति है जिसमें कीट पतंगों का असर नही होता।

प्रश्न-88. पटसन की रेटिंग क्या है?

उत्तर- वह प्रक्रिया जिसमें पटसन के पौधे से जूट का रेशा अलग किया जाता है पटसन की रेटिंग कहलाता है।

प्रश्न-89. कताई किसे कहते हैं?

उत्तर- रेशे से धागा बनाने की विधि कताई कहलाती है।

प्रश्न-90. कताई किन उपकरणों के द्वारा होती है?

उत्तर- तकली, चरखा, मशीनें ।

प्रश्न-91. बुनाई किसे कहते हैं?

उत्तर- धागों के दो सेटों को आपस में व्यवस्थित करके वस्त्र बनाने की प्रक्रिया को बुनाई कहते हैं।

प्रश्न-92. बुनाई किसके द्वारा होती है?

उत्तर- हाथों का हथकरधा (हैण्डलूम) तथा विद्युत द्वारा पावर हैण्डलूम।

प्रश्न-93. बंधाई क्या है?

उत्तर- एकल धागों से वस्त्र बनाने की प्रक्रिया बंधाई कहलाती है।

प्रश्न-94. मनुष्य के शरीर की सबसे बड़ी ग्रान्थि कौन सी होती है?

उत्तर- यकृत

प्रश्न-95. मछिलयों में श्वसन किस अंग के द्वारा होता है?

उत्तर- क्लोम (गिल)

प्रश्न-96. मनुष्य के हृदय में कितने कक्ष होते हैं?

उत्तर- कुल चार कक्ष (बांया और दांया आलिन्द, बांया और दांया निलय)

प्रश्न-97. एक वयस्क व्यक्ति का हृदय एक मिनट में कितनी बार धड़कता है?

उत्तर- 72 बार

प्रश्न-98. 1 वर्ष से कम आयु के बच्चों में एक मिनट में हृदय कितनी बार घड़कता है?

उत्तर- 100 बार।

प्रश्न-99. मनुष्य का मुख्य उत्सर्जी अंग क्या है?

उत्तर- एक जोड़ी वृक्क।

प्रश्न-100. 1 वयस्क 1 दिन में कितना मूत्र बाहर निकालता है?

उत्तर- एक से 1.8 लीटर मूत्र।

प्रश्न-101. मूत्र के घटकों का प्रतिशत बताएँ।

उत्तर- मूत्र के घटक-

95% जल 2.5% यूरिया 2.5%अन्य अपशिष्ट पदार्थ

प्रश्न-102. एकलिंगी जन्तु किन्हे कहते हैं?

उत्तर- कुछ जन्तुओं में नर एवं मादा जनन अंग अलग अलग जन्तुओं में पाये जातें हैं। जैस- कुत्ता, बिल्ली, मनुष्य आदि।

प्रश्न-103. द्विलिंगी जन्तु किन्हे कहते हैं?

उत्तर- वे जन्तु जिनमें नर व मादा जननांग एक ही जन्तु में पाये जाते है वे द्विलिंगी जन्तु कहलाते हैं। जैसे- केंचुआ।

प्रश्न-104. अनैच्छिक क्रियाएं क्या हैं?

उत्तर- वे सभी क्रियाएँ जो अपने आप होती है, जिन पर हमारी इच्छा का कोई प्रभाव नहीं होता है, अनैच्छिक क्रियाएं कहते हैं। जैसे- हृदय का धड़कना।

प्रश्न-105- ऐच्छिक क्रियाएं क्या हैं?

उत्तर- वे क्रियाएं जो हमारी इच्छा पर निर्भर करती है ऐच्छिक क्रियाएं कहलाती हैं। जैसे- पढ़ना, खेलना, बात करना।

मिशन शिक्षण संवाद

## –परिवर्तन –

प्रश्न- 106 - परिवर्तन से आपका क्या अभिप्राय है?

उत्तर- परिवर्तन वस्तु की अवस्था आकार रंग गंध तथा प्रकृति में निरंतर होने वाले बदलाव को परिवर्तन कहते हैं।

प्रश्न- 107 - दही का जमना किस प्रकार का परिवर्तन है?

उत्तर- मंद परिवर्तन ।

प्रश्न- 108 - क्या सभी परिवर्तन लाभदायक होते हैं ?

उत्तर- नहीं, कुछ परिवर्तन अनुपयोगी तथा हानिकारक होते हैं जो कि प्रतिकूल परिवर्तन कहलाते हैं ।

प्रश्न- 109 - रात और दिन का होना तथा वर्षा का होने होना किस प्रकार का परिवर्तन है ?

उत्तर- रात और दिन का होना – नियमित परिवर्तन

वर्षा का होना – अनियमित परिवर्तन

प्रश्न- 110 - परिवर्तन के लिए क्या आवश्यक है?

उत्तर- परिवर्तन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

प्रश्न- 111 - शरीर को ऊर्जा प्रदान करने वाले पोषक तत्व कौन से हैं?

उत्तर- शरीर को ऊर्जा प्रदान करने वाले पोषक तत्व कार्बोहाइड्रेट व वसा है।

प्रश्न- 112 - शक्तिदायक ईंधन किसे कहा जाता है?

उत्तर- वसा को।

प्रश्न- 113 - घाव को भरने में कौन सा पोषक तत्व सहायक है ?

उत्तर- प्रोटीन।

प्रश्न- 114 - विटामिन्स को कितनी श्रेणियों में रखा गया है

उत्तर- दो श्रेणियों में

(1) वसा में घुलनशील विटामिन – विटामिन A, D, E तथा K

(2) जल में घुलनशील विटामिन – विटामिन B तथा C

प्रश्न- 115 - भोजन में रेशे का क्या महत्व है?

उत्तर- रेशे शरीर को कोई पोषक तत्व न प्रदान कर शरीर से अपशिष्ट पदार्थ मल को शरीर से बाहर निकालने में मदद करते हैं इनकी कमी से कब्ज आदि अनेक प्रकार के रोग हो जाते हैं।

प्रश्न- 116 - स्वच्छता के कितने रूप हैं?

उत्तर- स्वच्छता के दो रूप हैं – 1- व्यक्तिगत स्वच्छता 2- सार्वजनिक स्वच्छता

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न- 117 - क्लीन सिटी ग्रीन सिटी योजना किसके द्वारा आयोजित की गई है?

उत्तर- नगर पालिका के द्वारा।

प्रश्न-118 - सब्जी का छिलका किस प्रकार का कचरा है?

उत्तर- गीला कचरा।

प्रश्न- 119 - नीले रंग के कूड़ेदान व हरे रंग के कूड़ेदान का क्या प्रयोग है?

उत्तर- नीले रंग के कूड़ेदान में गीला कचरा तथा हरे रंग के कूड़ेदान में सूखा कचरा डाला जाता है।

प्रश्न- 120 - प्रकाश स्रोत कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर- प्रकाश स्रोत दो प्रकार के होते हैं

1-प्राकृतिक प्रकाश स्रोत 2- मानव निर्मित प्रकाश स्रोत

प्रश्न- 121 - दीप्त वस्तुओं और अदीप्त वस्तुओं में क्या अंतर है –

उत्तर-

| – दीप्त वस्तुएं – | – अदीप्त वस्तुएं – |
| --- | --- |
| वे वस्तुएं जो स्वयं प्रकाश उत्पन्न करती हैं दीप्त वस्तुएं कहलाती हैं। जैसे– सूर्य, विद्युत बल्ब, सीएफएल एल ई डी। | जो वस्तुएं स्वयं प्रकाश उत्पन्न नहीं करती उन्हें अदीप्त वस्तुएं कहते हैं। उदाहरण– चंद्रमा, दर्पण । |

प्रश्न- 122 - पारदर्शी वस्तुएं किन्हे कहते हैं?

उत्तर- वे वस्तुएं जिन से होकर प्रकाश आर-पार निकल जाता है, उन्हें पारदर्शी वस्तुएं कहते हैं। जैसे- स्वच्छ कांच, ग्लिसरीन।

प्रश्न- 123 - पारभासी वस्तुएं क्या है?

उत्तर- वे वस्तुएं जिनसे होकर प्रकाश का केवल आंशिक भाग बाहर निकलता है उन्हें पारभासी वस्तुएं कहते हैं जैसे ट्रेसिंग पेपर घिसा हुआ कांच।

प्रश्न-124 - अपारदर्शी वस्तुएं कौन सी होती हैं?

उत्तर- वे वस्तुएं जिनसे होकर प्रकाश बिल्कुल नहीं निकल पाता उन्हें अपारदर्शी वस्तुएं कहते हैं। जैसे दफ़्ती का टुकड़ा, धातु की चादर, दर्पण आदि।

प्रश्न- 125 - कंप्यूटर का जनक किसे कहा जाता है?

उत्तर- सर चार्ल्स बैबेज को।

प्रश्न- 126 - कंप्यूटर की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?

उत्तर- कंप्यूटर की सबसे बड़ी विशेषता मेमोरी है।

मिशन शिक्षण संवाद

प्रश्न- 127 - कंप्यूटर को कितने भागों में बांटा गया है?

उत्तर- दो भागों में – 1- हार्डवेयर 2- सॉफ्टवेयर

प्रश्न- 128 - हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में क्या अंतर है?

उत्तर-

| – हार्डवेयर – | - | – सॉफ्टवेयर – |
|---|---|---|
| कंप्यूटर के वह विभाग जिन्हें हम छू सकते हैं वह हार्डवेयर कहलाते हैं जैसे मॉनिटर, सीपीयू। | | विभिन्न प्रोग्रामों के समूह को सॉफ्टवेयर कहते हैं इन्हें हम देख सकते हैं सुन सकते हैं पर छू नहीं सकते हैं। |

प्रश्न- 129 - कंप्यूटर का मस्तिष्क किसे कहते हैं?

उत्तर- सीपीयू को।

प्रश्न- 130 - मेमोरी कितने प्रकार की होती है?

उत्तर- दो प्रकार की:– 1- रैम 2- रोम

| भौतिक राशि | संकेत | मात्रक |
|---|---|---|
| लम्बाई | m | मीटर |
| द्रव्यमान | Kg | किलोग्राम |
| समय | s | सेकण्ड |
| ताप | K | केल्विन |
| विद्युत धारा | A | एम्पियर |
| क्षेत्रफल (आयत) लं0 X चौ0 | A | मीटर2 |
| क्षेत्रफल (वर्ग) भुजा X भुजा | A | मीटर2 |

| | | |
|---|---|---|
| वृत्त का क्षे0 | A | मीटर2 |
| π r2 | | |
| (π r 22/7 = 3.14) | | |
| गोले का आयतन | | मीटर3 |
| 4/3 π r3 | | |
| चाल = दूरी/समय | | मीटर/सेकण्ड |
| वेग = विस्थापन/समय | | मीटर/सेकण्ड |
| कार्य = बल X विस्थापन | | जूल |

मिशन शिक्षण संवाद

निर्माण कर्त्री - डा0 श्रद्धा अवस्थी
पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनगाँव
विकासखण्ड- हसवां
जनपद-फ़तेहपुर

